॥ विश्वं ज्ञाने प्रतिष्ठितम् ॥

MANGALAYATAN
UNIVERSITY

*Learn Today to Lead Tomorrow*

# Knowledge Organisation Catalouging (Practice)

**BLO-1105**

Edited By

Dr. Deepmala

DIRECTORATE OF DISTANCE AND ONLINE EDUCATION

**MANGALAYATAN UNIVERSITY**

(B.LIB.—202)

## Knowledge Organization : Cataloguing (Practice)

# Syllabus

**Unit 1:** Cataloguing of Works of Single Authorship, Shared Authorship, Pseudonyms, Mixed Responsibilities

**Unit 2 :** Cataloguing of Editorial Works, Composite Works, Multi-volume Works

**Unit 3 :** Cataloguing of Serial Publications, Uniform Titles

**Unit 4 :** Cataloguing of Works of Corporate Authorship

# CONTENT

1. कैटलॉगिंग में वर्तमान रुझान
(Current Trends in Cataloguing) ...05

2. विभिन्न क्षेत्रों में सूचीकरण के कार्य
(Work of Cataloguing in Different Areas) ...83

3. सूचीकरण के नियम
(Rules of Cataloguing) ...104

4. कॉरपोरेट लेखत्व के निर्माण की कैटलॉगिंग
(Cataloguing of Works of Corporate Authorship) ...112

# UNIT 01

नोट-

# कैटलॉगिंग में वर्तमान रुझान
# Current Trends in Cataloguing

## प्रस्तावना
## (Introduction)

इस अध्याय में हम कार्यात्मक सूचीकरण का अध्ययन करेंगे और जानेंगे कि यह क्या होती हैं और किस प्रकार सूचीकरण में सहायक होती हैं। इसके साथ ही हम एकल व्यक्तिगत लेखक का भी अध्ययन करेंगे। इसके अलावा हम सह व्यक्तिगत लेखकत्व का भी अध्ययन करेंगे। इसके साथ ही हम छद्मनाम का भी अध्ययन करेंगे।

## क्रियात्मक सूचीकरण से तात्पर्य
## (Meaning of Practical Cataloguing)

क्रियात्मक सूचीकरण से मुख्य तात्पर्य है सूची की विभिन्न प्रविष्टियों का निर्माण। वैसे इसके अन्तर्गत निम्नलिखित प्रक्रियाएँ आती हैं–

1. सूची अनुरक्षण (Maintenance) करना।
2. संदर्शिकाओं (Guides) का निर्माण करना।
3. प्रविष्टियों का विन्यसन करना।
4. प्रविष्टियों की जाँच करना।
5. सूचीकरण स्रोतों से जानकारी प्राप्त करना।
6. जिस ग्रन्थ का सूचीकरण किया जा रहा है उसका गहराई से अध्ययन करना।

### सूचीकरण के सूचना स्रोत Sources of Cataloguing

सूचीकरण के लिए सूचना का मुख्य स्रोत वह समस्त ग्रन्थ या प्रलेख होता है जिसका सूचीकरण किया जाता है। रंगनाथन ने इस प्रसंग में एक उपसूत्र का प्रतिपादन भी किया है जिसका नाम हमने निर्धार्यता का उपसूत्र (Canon of Asceriainability) रखा है। इस उपसूत्र के अनुसार हमने किसी भी प्रविष्टि में जो सूचना अंकित की जाती है वह आवश्यक रूप से अभिनिश्चित होती है। सूचीकरण में निर्धार्यता विशेष रूप से मुख्य पृष्ठ तथा उसके आस–पास के पृष्ठों (Overflow Pages) तक ही सीमित बनी रहती है।

नोट-

दूसरे शब्दों में सूचीकरण के सूचना के स्रोत इस प्रकार हैं—


1. ग्रन्थसूची (Bibiography)।
2. अनुक्रमणिका (Index)।
3. परिशिष्ट (Appendix)।
4. सतत आख्या (Running title)।
5. मूल पाठ (Text)।
6. विषय प्रवेश (Introduction)।
7. विषय सूची (Contents)।
8. प्रस्तावना (Preface)।
9. प्राक्कथन (Foreword)।
10. समर्पण पृष्ठ (Dedication Page)।
11. संक्षिप्त मुखपृष्ठ (Half title page) ग्रंथ माला (Series) सम्बन्धी सूचना प्राप्त करने का प्रामाणिक स्रोत माना जाता है।
12. ग्रन्थ की जिल्द और पीठिका (Spine)।
13. ग्रंथ का आवरण (Cover)।
14. ग्रन्थ का मुख्य पृष्ठ (title page) सूचीकरण सूचना का प्रमुख स्रोत है जिसके दो भाग होते हैं—मुख्यपृष्ठ का अग्र भाग (Recto) और उसका पश्च भाग (Verso)। सूचीकरण के लिए अधिकांश सूचना इसी स्रोत से ली जाती है। इसके अतिरिक्त ग्रंथ के निम्नलिखित भागों से भी आवश्यकता के अनुसार सूचना प्राप्त करते हैं।

## सूची पत्रक की संरचना Structure of Catalouge Card

आजकल अधिकतर ग्रंथालयों में सूची का निर्माण पत्रक स्वरूप में किया जाता है। पत्रक का आकार प्रकार और माप अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निश्चित है। इसकी लम्बाई 5" (12.5 से.मी.) और चौड़ाई 3 " (7.5 से.मी.) होती है।

1. **छिद्र** (Hole)—पत्रक में नीचे की ओर मध्य में 1 से.मी. ऊपर एक छेद बना होता है। दराज में पत्रकों को स्थिर रखने के लिए एक छड़ का उपयोग करते हैं जो इन छिद्रों में से होकर गुजरती है।
2. **द्वितीय शीर्ष** (Second Vertical)—प्रथम शीर्ष से 1.2.5 से.मी. अथवा चार अक्षरों की दूरी पर स्थिति द्वितीय खड़ी रेखा से द्वितीय शीर्ष कहा जाता है। अग्रानुच्छेद और परिग्रहण संख्या अनुच्छेद के अतिरिक्त अन्य समस्त अनुच्छेद इसी रेखा से शुरू होते हैं।
3. **प्रथम शीर्ष** (First Vertical)—पत्रक पर प्रथम खड़ी रेखा को प्रथम शीर्ष कहा जाता है। यह भी लगभग पत्रक के बायें किनारे से 2.5 सेमी अथवा आठ अक्षरों की दूरी पर होती है। प्रत्येक प्रविष्टि का अग्रानुच्छेद इसी रेखा से शुरू होता है। इसीलिए समस्त प्रविष्टियों के सभी अनुच्छेद की निरन्तरता इसी रेखा से होती है।
4. **अग्र रेखा** (Leading Line)—पत्रक पर सबसे पहले आड़ी रेखा होती है। सामान्यत: यह रेखा पत्रक के ऊपरी सिरे से 2.5 से.मी की दूरी पर होती है। इस रेखा पर प्रत्येक प्रविष्टि का अग्रानुच्छेद अंकित किया जाता है और इससे ऊपर कुछ भी अंकित नहीं किया जाता है।

नोट-




## ग्रन्थालय हस्तलिपि Library Hand

सूची पत्रक जितने स्वच्छ आकर्षक और सुस्पष्ट हो उतने ही अच्छे लगते हैं। ग्रन्थालय हस्तलिपि से अभिप्राय है सभी अक्षर, अंक और चिन्ह सुस्पष्ट, सीधे, साफ और एक दूसरे से अलग–अलग होने चाहिए। जितना संभव हो रोमन लिपि में मुद्रण में उपयोग किये जाने वाले बड़े और छोटे वर्णों (Alphabets) का उपयुग किया जाता है। ग्रन्थालय हस्तलिपि का नमूना नीचे दिया गया है।

A B C D E F G H I J

K L M N O P Q R S

T U V W X Y Z

*a b c d e f g h i j k l m n o p*

*q r s t u v w x y z*

1 2 3 4 5 6 7 8 9 0

नोट-

## विराम चिन्हों आदि का उपयोग–

1. शब्द के संक्षिप्तिकरण (Abbreviation) की स्थिति में डॉट (.) लगाने की परिपाटी को सीसीसी के अनुसार त्याग दिया जाता है।
2. विराम चिन्हों आदि का उपयोग व्याकरण के सामान्य नियमों के अनुसार होता है जब तक की संहिता (Code) कोई विशिष्ट विशेष न दिया गया हो।

## वर्गीकृत सूची से तात्पर्य Meaning of Classified Catalogue

रंगानाथन के अनुसार वर्गीकृत सूची से अभिप्राय ऐसी सूची से है जिसमें कुछ प्रविष्टियाँ संख्या (Number) प्रविष्टियाँ होती हैं और कुछ प्रविष्टियाँ शब्द (Word) प्रविष्टियाँ होती हैं।

इस प्रकार वर्गीकृत सूची एक द्विभागीय सूची होती है। इसके दो भाग इस प्रकार हैं–

1. अनुवर्ण भाग (Alphabetical part)
2. वर्गीकृत भाग (Classified part)

प्रथम भाग अर्थात् वर्गीकृत भाग मुख्य भाग होता है और इसमें प्रविष्टियाँ वर्गीकृत क्रम (Classified order) से विन्यासित की जाती है। द्वितीय भाग इसके पूरक के रूप में कार्य करता है जिसको अनुक्रमणिक (Index) भी कहते हैं। इसमें प्रविष्टियाँ अनुवर्ण क्रम (Alphabetical order) में विन्यसित रहती हैं। इसका उपयोग हम मुख्य भाग से वांछित सूचना प्राप्त करने के लिए करते हैं।

## ए.ए.सी.आर.–2 का परिचय Introduction to AACR-2

1988 में प्रकाशित ए.ए.सी.आर.–2 संशोधित का निर्माण छह संस्थाओं–अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसिएशन, ऑस्ट्रेलियन कमेटी ऑन केटालॉगिंग, ब्रिटिश लाइब्रेरी, केनेडियन कमेटी ऑफ केटालॉगिंग, लाइब्रेरी एसोसिऐशन एवं लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस की ज्वॉइंट स्टीयरिंग कमेटी फॉर रिविजन ऑफ ए.ए.सी.आर. द्वारा किया गया एवं इसका सम्पादन माइकेल गोरमेन एवं पॉल डब्ल्यू. विन्क्लर द्वारा किया गया है।

## ए.ए.सी.आर.–2 संशोधित की संरचना Structure of AACR-2R

यह सूची संहिता दो भागों में विभक्त है। भाग 1 विवरण (Description) निम्नलिखित 13 अध्यायों में विभक्त है जिनमें विभिन्न प्रकार की पाठ्य सामग्री के विवरणात्मक सूचीकरण हेतु नियमों का विस्तार से वर्णन किया गया है। इस भाग के सभी नियम अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थपरक विवरण–सामान्य (ISBD-General) पर आधारित हैं–

अध्याय 1 विवरण के सामान्य नियम (General Rules of Description)
अध्याय 2 ग्रन्थ, पुस्तिकायें एवं मुद्रित पन्ने (Books, Pamphlets and Printed sheets)
अध्याय 3 मानचित्र सम्बन्धी सामग्री (Cartographic Materials)
अध्याय 4 पाण्डुलिपियाँ (पाण्डुलिपि संग्रह सहित)
Manuscripts (Including Manuscript Collections)
अध्याय 5 संगीत (Music)
अध्याय 6 ध्वनि अभिलेख (Sound Recordings)
अध्याय 7 मोशन चलचित्र एवं वीडियो रिकॉर्डिंग (Motion and Video Recordings)
अध्याय 8 चित्रीय सामग्री (Graphic Materials)

नोट-

अध्याय 9 कम्प्यूटर फाइल्स (Computer Files)
अध्याय 10 त्रिदशीय शिल्प तथ्य (Three Dimensions Artefacts Relia)
अध्याय 11 सूक्ष्मरूप सामग्री (Microforms)
अध्याय 12 क्रमिक (Serials)
अध्याय 13 विश्लेषण (Analysis)

**भाग 2** : शीर्षक, एकरूप आख्यायें एवं निर्देश (Headings, Uniform Titles and References) पुनः छह अध्यायों में विभक्त है जिनमें सूची के उपयोगकर्ताओं हेतु शीर्षक वरण एवं विभिन्न खोज बिन्दुओं (Access points) के निर्धारण के निर्माण के नियम दिये गये हैं–

अध्याय 21 खोज बिन्दुओं का चयन (Choice of Access Points)
अध्याय 22 व्यक्तियों हेतु शीर्षक (Headings for Persons)
अध्याय 23 भौगोलिक नाम (Geographic Names)
अध्याय 24 समष्टि निकायों के शीर्षक (Headings for Corporate Bodies)
अध्याय 25 स्वरूप आख्यायें (Uniform Titles)
अध्याय 26 निर्देश (References)

भाग–2 के प्रत्येक अध्याय में प्रारंभ में सामान्य नियम तथा बाद में विशेष नियम दिये गये हैं। विशेष नियम के अभाव में सामान्य नियम ही लागू होते हैं। सूची संहिता के अन्त में निम्नलिखित चार परिशिष्ट (Appendices) दिये गये हैं–

परिशिष्ट A : बड़े अक्षरों का प्रयोग (Capitalization)
परिशिष्ट B : संकेताक्षर (Abbreviation)
परिशिष्ट C : संख्यापद (Numerals)
परिशिष्ट D : पारिभाषिक शब्दावली (Glossary)

संहिता के अन्त में दी गई अनुक्रमणिका द्वारा सम्बन्धित नियम तक सुगमता से पहुँचा जा सकता है।

## विवरण के स्तर Levels of Description

ए.ए.सी.आर.–2 शोधित ए.ए.सी.आर.–2 (1978) एवं संशोधित ए.ए.सी.आर.–2 (1988) में तीन स्तरीय ग्रंथालयों–छोटे, मध्यम एवं विशाल हेतु विवरणात्मक सूचीकरण के अलग–अलग स्तरीय विवरण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रावधान किया गया है।

1. **प्रथम स्तरीय विवरण** (First Level of Description) : ए.ए.सी.आर.–2 के नियमांक 1-0D1 के अनुसार छोटे ग्रंथालयों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संक्षिप्त प्रकार तथा सूचीकरण हेतु प्रथम स्तरीय विवरण का प्रावधान किया गया है, जिसमें ग्रन्थ की पहचान हेतु नयूनतम सूचनाएँ दी जाती हैं।

   इसमें मात्र मुख्य आख्या को ही सम्मिलित किया जाता है तथा अन्य आख्याओं को छोड़ दिया जाता है। इसी प्रकार उत्तरदायित्व क्षेत्र में भी शीर्षक के समान होने पर उत्तरदायित्व विवरण लिखने की आवश्यकता नहीं होती। संस्करण विवरण को तो अंकित किया जाता है परन्तु संस्करण विशेष के उत्तरदायित्व विवरण को नहीं लिखा जाता। इसी प्रकार इसमें ग्रन्थ के भौतिक स्वरूप सम्बन्धित न्यूनतम सूचनाएँ ही अंकित की जाती हैं।

नोट:


2. **द्वितीय स्तरीय विवरण** (Second Level of Description) : ए.ए.सी.आर.–2 के नियमांक 1.0D 2 के अनुसार द्वितीय स्तर में प्रथम स्तर की सभी सूचनाओं के अतिरिक्त मुख्य आख्या के बाद सामान्य सामग्री पद (General material designation), समानान्तर आख्या तथा अन्य सभी आख्याएँ भी दी जाती हैं। इस स्तर में सभी प्रकार के उत्तरदायित्व विवरण को भी सम्मिलित किया जाता है। संस्करण विवरण के साथ–साथ उससे सम्बन्धित उत्तरदायित्व क्षेत्र में नियमानुसार सभी सूचनाएँ अंकित की जाती हैं। यह स्तर मध्यम श्रेणी के ग्रन्थालयों के सूचीकरण हेतु प्रस्तावित है।
3. **तृतीय स्तरीय विवरण** (Third Level of Description) : ए.ए.सी.आर.–2 के नियमांक 1.0D 3 के अनुसार विशाल एवं शोध ग्रन्थालयों के उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सूची संहिता के सभी नियमों में प्रस्तावित सूचनाएँ इस स्तर में अंकित की जाती हैं।

   ग्रन्थालयों में सूची के विवरण के स्तर का निर्धारण ग्रन्थालयों के स्वरूप, प्रकार एवं पाठकीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। सामान्यतया ग्रन्थालयों में द्वितीय स्तर का प्रयोग किया जाता है। इस पुस्तिका में सभी प्रविष्टियाँ इसी स्तर के अनुसार बनाई गई हैं।

## प्रविष्टियों के प्रकार एवं संरचना Varieties of Entries and their Structure

ए.ए.सी.आर.–2 के अनुसार निर्मित शब्दकोशीय सूची में निम्नलिखित प्रकार की प्रविष्टियाँ होती हैं–1. मुख्य प्रविष्टि, 2. इतर या सहायक प्रविष्टियाँ, 3. निर्देश।

इन प्रविष्टियों को निम्नलिखित चार्ट द्वारा अधिक सुगमता से समझा जा सकता है–



नोट-

## मुख्य प्रविष्टि की संरचना Structure of Main Entry

पत्रकों पर निर्मित की जाने वाली मुख्य प्रविष्टि को निम्नलिखित भागों में किया जाता है–

1. क्रमांक अंक अनुच्छेद (Call Number Section)
2. शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section)
3. आख्या एवं प्रकाशनादि विवरण अनुच्छेद (Title and Imprint Section)
4. भौतिक विवरण एवं ग्रन्थमाला अनुच्छेद (Physical Description and Series Section)
5. टिप्पणी अनुच्छेद (Note Section)
6. अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थ संख्या (International Standard Book Number)
7. परिग्रहण संख्या (Assession Number)
8. संकेत (Tracing)

उपर्युक्त सभी आठों भागों को मुख्य प्रविष्टि पत्रक के मुख भाग (Front portion) पर क्रमानुसार अंकित किया जाता है यदि मात्र संकेत अनुच्छेद हेतु मुख भाग पर स्थान शेष न रहे तो मुख्य प्रविष्टि पत्रक पर नीचे की ओर दाहिने <u>Over</u> लिखकर संकेत अनुच्छेद मुख्य प्रविष्टि पत्रक के पश्च भाग पर अंकित किया जाता है; पर यदि अन्य कोई भाग भी मुख भाग पर न समा सके तो मुख भाग के दाहिने ओर <u>Continued on Next Card</u> पद अंकित कर नवीन पत्रक पर प्रथम काल्पनिक पंक्ति पर 2, यथास्थान क्रमांक अंक तथा शीर्षक लिखकर शेष बचे अनुच्छेद अंकित किये जाते हैं।

इन भागों को निम्नलिखित तालिका द्वारा स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है–

**मुख्य प्रविष्टि पत्रक**

(Main Entry Card)

| Call Number Section | | Heading Section |
|---|---|---|
| Acc. No. | | Title and imprint section ........................................<br>........................................<br>........................................<br>Physical description and serious section ........................................<br>........................................ |
| | | Note Section<br>ISBN<br>Tracing |

1. **क्रमांक अंक अनुच्छेद** (Call Number Section)–यह अनुवर्ण सूची की मुख्य प्रविष्टि का प्रथम भाग होता है। इसमें ग्रन्थ का क्रमांक अंक (वर्गांक + ग्रन्थांक + संग्राहक यदि हो तो) लिखा जाता है। क्रमांक अंक मुख पृष्ठ के पश्च भाग (Verso of title page) से लिया जाता है। हाशिये (Margin) में एक अक्षर की जगह छोड़कर तृतीय काल्पनिक पंक्ति पर वर्गांक तथा अग्ररेखा (Leading Line) पर ग्रन्थांक अंकित किया जाता है। यदि संग्राहक भी हो तो उसे द्वितीय काल्पनिक पंक्ति पर अंकित किया जाता है। यद्यपि ए.ए.सी.आर.–2 में इसे पेन्सिल से अंकित करने का निर्देश नहीं दिया गया है परन्तु इसमें परिवर्तन की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए इसे पेन्सिल से ही लिखा जाना उपयुक्त होगा। इस अनुच्छेद की समाप्ति पर पूर्ण विराम (Full Stop) नहीं लगाया जाता।

नोट-

2. **शीर्षक अनुच्छेद** (Heading Section)—इसे अग्ररेखा पर प्रथम शीर्ष से प्रारंभ करते हुए लिखा जाता है तथा आवश्यकता पड़ने पर अनुवर्ती पंक्तियाँ (काल्पनिक) शीर्ष से प्रारंभ होती हैं। इसमें लेखक के नाम का प्रविष्टि पद (Entry element), गौण पद (Secondary element) एवं व्यष्टिकृत पद (Individualizing element) सामान्य अक्षरों में लिखे जाते हैं। तीनों पदों के मध्य अल्प विराम (Comma) चिन्ह का प्रयोग किया जाता है। यदि व्यष्टिकृत पद न दिये गये हों तो गौण पद के बाद पूर्ण विराम नहीं लगाया जाता (प्रविष्टि को खुला (Open) माना जाता है)। परन्तु यदि व्यष्टिकृत पद (जन्म व मृत्यु दोनों ही वर्ष) दिये गये हों तो इस अनुच्छेद की समाप्ति पर पूर्ण विराम (Full Stop) लगाया जाता है।

3. **आख्या एवं प्रकाशनादि विवरण अनुच्छेद** (Title and Imprint Section)—इस अनुच्छेद में आख्या, उपआख्या, समानान्तर आख्या, उत्तरदायित्व विवरण, संस्करण, सहकारक, प्रकाशनादि विवरण आदि को पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार अंकित किया जाता है। इस अनुच्छेद को अगली पंक्ति पर द्वितीय शीर्ष से प्रारम्भ करते हुए तथा अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम शीर्ष से प्रारम्भ करते हुए अंकित किया जाता है।

4. **भौतिक विवरण एवं ग्रन्थमाला अनुच्छेद** (Physical Description and Serious Section)—इस अनुच्छेद में पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार ग्रन्थ का भौतिक विवरण; जैसे—पृष्ठ, खण्ड, चित्र, साइज आदि अंकित किये जाते हैं। यदि ग्रन्थ में कोई ग्रन्थमाला भी दी गई हो तो उसे भी पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार इसी अनुच्छेद में अंकित किया जाता है। यह अनुच्छेद द्वितीय शीर्ष से प्रारम्भ होता है तथा अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम शीर्ष से प्रारंभ होती हैं।

5. **टिप्पणी अनुच्छेद** (Title Section)—नियमांक 178 व 278 के अनुसार विभिन्न प्रकार की टिप्पणियों को इस अनुच्छेद में क्रमवार अंकित किया जाता है। इस अनुच्छेद में एक से अधिक प्रकार की टिप्पणियों को अंकित करना हो तो प्रत्येक टिप्पणी को द्वितीय शीर्ष से प्रारंभ करते हुए लिखा जाता है तथा अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम शीर्ष से प्रारंभ होती हैं। बहुखण्डीय ग्रन्थ की स्थिति में अन्तर्वस्तु (Contents) और सामान्य सम्मिश्र ग्रन्थ (Ordinary Composite Books) की स्थिति में आंशिक अन्तर्वस्तु (Partial contents) टिप्पणी पूर्व वर्णित नियमों के अनुसार अंकित की जाती है।

6. **अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थ संख्या** (International Standard Book Number)—यदि ग्रन्थ के मुखपृष्ठ के पश्च भाग अथवा अन्य किसी भाग में अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थ संख्या दी हो तो उसे इस अनुच्छेद में द्वितीय शीर्ष से प्रारंभ करते हुए अंकित किया जाता है। इस अनुच्छेद की समाप्ति पर पूर्ण विराम (Full Stop) का प्रयोग नहीं किया जाता।

7. **परिग्रहण संख्या** (Accession Number)—इस अनुच्छेद में हाशिये में अग्ररेखा के नीचे तीसरी या चौथी पंक्ति पर परिग्रहण संख्या अंकित की जाती है। इस अनुच्छेद की समाप्ति पर पूर्ण विराम (Full Stop) का प्रयोग नहीं किया जाता।

8. **संकेत** (Tracing)—इस अनुच्छेद में मुख्य प्रविष्टि के अतिरिक्त निर्मित की जाने वाले इतर प्रविष्टियों के बारे में सूचना अंकित की जाती है। यह अनुच्छेद द्वितीय शीर्ष से प्रारंभ होता है तथा अनवुर्ती पंक्तियाँ प्रथम शीर्ष से प्रारंभ होती हैं। पहले अरबी–भारतीय अंकों में क्रमित करते हुए विषय प्रविष्टियाँ अंकित की जाती हैं फिर रोम अंकों में क्रमित करते

हुए अन्य इतर प्रविष्टियाँ; जैसे–सहलेखक, सम्पादक, आख्या, ग्रन्थमाला आदि अंकित की जाती हैं। निर्देशों को संकेत में अंकित नहीं किया जाता है।

## इतर प्रविष्टि के प्रकार एवं संरचना

### Types of Added Entries and Their Structure

ए.ए.सी.आर.–2 के अनुसार निर्मित अनुवर्ण सूची में निम्नलिखित की इतर प्रविष्टियाँ बनाई जाती हैं–

1. विषय प्रविष्टि (Subject Entry)
2. सहलेखक प्रविष्टि (Joint Author Entry)
3. सहकारक प्रविष्टि (Collaborator)
4. आख्या प्रविष्टि (Title Entry)
5. ग्रन्थमाला प्रविष्टि (Series Entry)

1. **विषय प्रविष्टि** (Subject Entry)–अनुवर्ण सूची में ग्रन्थ में वर्णित वर्ग के नाम अथवा विषय से सम्बन्धित शब्द को विशिष्ट विषय प्रविष्टि कहते हैं। ग्रन्थ के विषय को सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स अथवा लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हैडिंग्स से प्राप्त कर इसे विषय प्रविष्टि के शीर्षक अनुच्छेद में बड़े अक्षरों में अंकित किया जाता है। किसी ग्रन्थ के लिए अधिकतम तीन तक विषय प्रविष्टियाँ निर्मित की जा सकती हैं।
2. **सहलेखक प्रविष्टि** (Joint Author Entry)–नियमांक 21.30 A के अनुसार प्रथम लेखक के अतिरिक्त दो सहलेखकों तक के लिए सहलेखक प्रविष्टियाँ बनाई जाती हैं। चार या अधिक सहलेखकों द्वारा रचित ग्रन्थ के लिए मात्र प्रथम लेखक के नाम से सहलेखक प्रविष्टि बनाई जाती है। इसमें सहलेखक के नाम को शीर्षक अनुच्छेद में नियमानुसार अंकित किया जाता है अर्थात् प्रविष्टि पद, गौण पद, तथा व्यष्टिकृत पद क्रमानुसार लिखे जाते हैं। प्रत्येक सहलेखक के लिए इतर प्रविष्टि बनाने का प्रावधान है। नियमांक 21.0 D के अनुसार वैकल्पिक रूप से सहलेखक के नाम से आगे jt.auth पद लिखने का प्रावधान है।
3. **सहकारक प्रविष्टि** (Collaborator)–नियमांक 21.30 D के अनुसार यदि ग्रन्थ के मुखपृष्ठ पर सम्पादक या संकलनकर्ता का नाम प्रधानता से अंकित हो तो उनके नाम से इतर प्रविष्टि बनाई जाती है। नियमांक 21.0 D के अनुसार वैकल्पिक रूप से सहकारक के नाम के साथ ed. या comp. कोमा लगाकर प्रयुक्त किया जाता है।

   **अनुवादक प्रविष्टि** (Translator Entry)–नियमांक 21.30K 1 के अनुसार यदि शीर्षक समष्टि निकाय या आख्या के अंतर्गत निर्मित किया गया हो तो अनुवादक के नाम से इतर प्रविष्टि बनाई जाती है।

   यदि मुख्य प्रविष्टि का शीर्षक व्यक्तिगत लेखक के अन्तर्गत बनाया गया है जो अनुवादक था तब इतर प्रविष्टि निम्नलिखित स्थितियों में ही बनाई जायेगी–

   (i) यदि अनुवाद पद्य रूप में हो।
   (ii) यदि अनुवाद महत्त्वपूर्ण हो।

नोट-

नोट-

(iii) यदि एक ग्रन्थ एक ही भाषा में एक से अधिक बार अनुदित किया गया हो।

(iv) यदि सूचना का मुख्य स्रोत मुद्रण शैली द्वारा यह दर्शाये कि अनुवादक ही लेखक है।

(v) यदि मुख्य प्रविष्टि से सूची के उपयोगकर्ता को ग्रन्थ प्राप्ति में कठिनाई हो, उदाहरणार्थ (प्राच्य एवं मध्यकाल के ग्रन्थों हेतु)।

**चित्रकार प्रविष्टि** (Illustrator Entry)–नियमांक 21.30K2 के अनुसार ग्रन्थ के चित्रकार हेतु निम्नलिखित स्थितियों में ही चित्रकार इतर प्रविष्टि बनाई जाती है–

सूचना के मुख्य स्रोत में चित्रकार को ग्रन्थ के लेखक अथवा समष्टि निकाय के समकक्ष महत्ता दी गई है, अथवा ग्रन्थ का आधा अथवा आधे से अधिक भाग चित्रों से परिपूर्ण हो, अथवा चित्र, उस ग्रन्थ में महत्त्वपूर्ण भाग समझे जाते हों।

4. **आख्या प्रविष्टि** (Title Entry)–नियमांक 20.301 के अनुसार प्रत्येक ग्रन्थ जिसे व्यक्तिगत शीर्षक, समष्टि शीर्षक या आख्या के अन्तर्गत सूचीकृत किया गया है कि मुख्य आख्या के लिए इतर प्रविष्टि बनाई जाती है। आवश्यकतानुसार मुख्य आख्या से भिन्न–भिन्न आख्याओं–आवरण आख्या (Cover Title), संतत आख्या (Running Title) आदि के लिए भी इतर प्रविष्टि बनाई जाती है।

5. **ग्रन्थमाला प्रविष्टि** (Series Entry)–नियमांक 21.30D के अनुसार उपयोगी संस्थित (Collocation) ग्रन्थमाला के प्रत्येक ग्रन्थ हेतु इतर प्रविष्टि बनाई जायेगी। वैकल्पिक रूप से ग्रन्थमाला की संख्या अथवा अन्य पद भी दिया जाता है। यहाँ यह बात विशेष ध्यान देने योग्य है कि ग्रन्थमाला के सम्पादक का नाम ग्रन्थमाला के साथ देने का नियम नहीं है।

## निर्देश References

ए.ए.सी.आर.–2 में निर्देश को निम्नलिखित प्रकार परिभाषित किया गया है–'एक शीर्षक या प्रविष्टि से दूसरे शीर्षक या प्रविष्टि की ओर निर्दिष्ट कराना'। इन्हें मुख्यतया दो भागों में विभक्त किया जा सकता है–

1. विषय निर्देश
2. नाम निर्देश

संशोधित ए.ए.सी.आर.–2 के अध्याय 26 के अनुसार यह निर्देश निम्नलिखित प्रकार के होते हैं–

1. देखिए निर्देश
2. इसे भी देखिए निर्देश
3. नाम-आख्या निर्देश
4. व्याख्यात्मक निर्देश

1. **देखिए निर्देश** (See References)–'देखिए निर्देश' पाठक को व्यक्ति या समष्टि निकाय के उस नाम, कृति की उपआख्या, विषय या ग्रन्थमाला के उस नाम से जिसके अन्तर्गत सूची में पाठक के देखे जाने की संभावना रहती है उस स्वरूप की ओर निर्दिष्ट करता हैं, जहाँ सूचीकार द्वारा सूची में वांछित सूचना प्रदान की गई हैं।

नोट-

2. **इसे भी देखिए निर्देश** (See Also References)—'इसे भी देखिए निर्देश' पाठक को एक शीर्षक से अन्य संबंधित शीर्षक या एकरूप आख्या की ओर निर्देशित करना।
3. **नाम–आख्या निर्देश** (Name-Title References)—जब ऐसी आख्या जो व्यक्तिगत अथवा समष्टि शीर्षक के अन्तर्गत बनाई गई है देखिये या इसे भी देखिए निर्देश बनाये जाये तो इन्हें नाम–आख्या निर्देश के रूप में अंकित करना चाहिए अर्थात् इन्हें व्यक्तिगत या समष्टि शीर्षक के बाद आख्या कर बनाना चाहिए।
4. **व्याख्यात्मक निर्देश** (Explanatory References)—जब सामान्य निर्देश 'देखिये' अथवा 'इस भी देखिये' की अपेक्षा अधिक विस्तृत निर्देश की आवश्यकता हो तो नियमांक 21.2D1 के अनुसार व्याख्यात्मक निर्देश बनाये जाते हैं।

## रंगनाथन कृत क्लासीफाइड कैटलॉग कोड के अनुसार प्रविष्टियों का वर्गीकरण प्रविष्टियों और उनकी संरचना

### Classification of Entries of CCC and the Structure

रंगनाथन द्वारा बनाई गई क्लासीफाइड कैटलॉग (= सीसीसी) का उपयोग वर्गीकृत सूची और शब्दाकोशीय सूची दोनों के निर्माण में किया जाता है। परन्तु इस इकाई में इस संहिता के अनुसार केवल आनुवर्गिक सूची का ही निर्माण निर्धारित किया गया है। प्रविष्टि को सूची में अन्तिम एकांश लेखा के रूप में परिभाषित किया गया है। सीसीसी के अनुसार प्रविष्टियाँ हस्तलिखित होती हैं।

- 0 प्रविष्टियाँ (Entries)
  - 1 मुख्य प्रविष्टियाँ (Main Entries)
  - 2 इतर प्रविष्टियाँ (Added Entries)
    - 21 अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ (Cross Reference Entires)
    - 22 निर्देशी प्रविष्टियाँ (Index Entries)
      - 221 वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ (Class Index Entries)
      - 222 ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ (Book Index Entries)
    - 23 नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ (Cross Reference Index Entries)

उपर्युक्त प्रविष्टियाँ में मुख्य प्रविष्टियाँ और अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ संख्या (Number) प्रविष्टियाँ हैं। अतः इनको वर्गीकृत भाग में वर्गक्रम से विन्यसित किया जाता है। शेष प्रविष्टियाँ अर्थात् वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ; ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ और नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ शब्द (Word) प्रविष्टियाँ हैं। अतः इनको अनुवर्ण भाग में वर्णक्रम् में विन्यासित किया जाता है।

## द्वितीय प्रकार का विभाजन

1. **अविषय प्रविष्टियाँ** (Non Subject Entires)—उन प्रविष्टियों को कहा जाता है जो उपयोगकर्ता की विषय के अतिरिक्त अन्य अभिगमों अर्थात लेखक (Author), आख्या (Title), सहकारक (Collaborator) और ग्रंथमाला (Series) आदि को सन्तुष्ट करती हैं।

नोट-

2. **विषय प्रविष्टियाँ** (Subject Entries)–उन प्रविष्टियों को कहा जाता है जो उपयोगकर्ता की विषय अभिगम को सन्तुष्ट करती है। उदाहरण में मुख्य प्रविष्टियाँ, अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ और वर्ग निर्देशी कहा जाता है।

## तृतीय प्रकार का विभाजन

1. **विशिष्ट प्रविष्टियाँ** (Specific Entries)–उन प्रविष्टियों को कहा जाता है जो किसी विशेष से सम्बन्ध रखती हैं। उदाहरण–मुख्य प्रविष्टियाँ, अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ और ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ।
2. **सामान्य प्रविष्टियाँ** (General Entries)–उन प्रविष्टियों को कहते हैं जो अनेक ग्रंथों से सम्बन्धित होती हैं। उदाहरण में शेष प्रविष्टियाँ वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ, नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ हैं।

## मुख्य प्रविष्टि Main Entry

मुख्य प्रविष्टि किसी ग्रन्थ की सबसे महत्वपूर्ण प्रविष्टि होती है अर्थात् अधिकांश उपयोगकर्ताओं की अभिगम की सम्पूर्ति करती है। रंगनाथन के अनुसार आजकल सर्वाधिक उपयोगकर्ताओं की रुचि अपने विशिष्ट विषय में होती है। अतः मुख्य प्रविष्टि हमेशा विषय के अन्तर्गत बनायी जाती है। परन्तु इसमें ग्रन्थ का विशिष्ट विषय वर्गीकरण की कृत्रिम भाषा में वर्गांक के रूप में बना रहता है। अतः इनको सूची क वर्गीकृत भाग में वर्ग क्रम में विन्यासित किया जाता है। संबंधित ग्रंथ का मुख पृष्ठ तथा आस–पास के पृष्ठ, मुख्य प्रविष्टि की सूचना के प्रमुख स्रोत होते हैं।

मुख्य प्रविष्टि एक विशिष्ट प्रविष्टि है जो ग्रन्थ के संबंध में अधिकृतम सूचना प्रदान करती है। प्रत्येक ग्रन्थ के लिए एक मुख्य प्रविष्टि का निर्माण करते हैं। इस प्रविष्टि में संकेत (Tracing) के रूप में ग्रंथ से संबन्धित समस्त इतर प्रविष्टियों के बारे में सूचना बनी रहती है। सीसीसी के नियमांक MBO के अनुसार, मुख्य प्रविष्टि में निम्नलिखित अनुच्छेद होते हैं–

1. संकेत अनुच्छेद (Traching Section)
2. परिग्रहण क्रमांक अनुच्छेद (Accession Number Section)
3. टिप्पणी अनुच्छेद (Notes Section)
4. आख्या अनुच्छेद (Title Section)
5. शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section)
6. अग्र अनुच्छेद (Leading Section)

1. **संकेत अनुच्छेद** (Traching Section) : इसको मुख्य प्रविष्टि पत्रक के पीछे भाग (Back) पर अंकित करते हैं। इसको ग्रंथ की इतर प्रविष्टियाँ निर्मित करने के बाद ही अंकित करते हैं, क्योंकि इसमें उक्त ग्रंथ की इतर प्रविष्टियाँ संबंधी सूचना अंकित रहती है। संकेत अंकित के लिए मुख्य प्रविष्टि पत्रक के पीछे भाग (Back) को एक काल्पनिक शीर्ष रेखा के द्वारा दो अर्थ भागों में विभाजित करते हैं। जिनको बाँया अर्द्ध और दाँया अर्द्ध के नाम से जाना जाता है।

   बाँयें अर्द्ध भाग में ग्रंथ से संबंधित अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ के वर्गांक अंकित करते हैं। और उनके समक्ष 'p' (पृष्ठ), part (भाग), chap (अध्याय), sec (अनुच्छेद) आदि शब्द

नोट-

लिखकर संबंधित संख्यायें अंकित करते हैं। प्रत्येक अन्तर्विषयी प्रविष्टि के लिए एक रेखा का उपयोग करते हैं। इनको वर्गीकृत क्रम में अंकित करते हैं।

- दाँये भाग में क्रमशः वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों, ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियों और नामान्तर निर्देशों प्रविष्टियों के शीर्षक अंकित करते हैं। वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों का अनुक्रम अंतिम खोज कड़ी से प्रथम खोज कड़ी होता है। ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियों का अनुक्रम लेखक प्रविष्टियाँ, सहकारक प्रविष्टियाँ, आख्या प्रविष्टियाँ और ग्रन्थमाला प्रविष्टियाँ होता है। नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियों का अनुक्रम वैकल्पिक नाम प्रविष्टि, एक शब्द के विभिन्न स्वरूप प्रविष्टि छद्मनाम–वास्तविक–नाम प्रविष्टि, संपादक–ग्रन्थमाला प्रविष्टि और सजातीय–नाम प्रविष्टि होता है।

2. **परिग्रहण क्रमांक अनुच्छेद** (Accession Number Section) : परिग्रहण क्रमांक मुखपृष्ठ के पीछे भाग पर अंकित होता है। वहां से लेकर लिखा जाता है। इसको सबसे निचली रेखा पर प्रथम शीर्ष से शुरू करके लिखा जाता है।
3. **टिप्पणी अनुच्छेद** (Notes Section) : सीसीसी के अनुसार टिप्पणियाँ निम्न छः प्रकार की होती हैं–
    1. सम्बद्ध ग्रंथ टिप्पणी (Associated book note)
    2. उद्ग्रहण टिप्पणी (Extraction note), और
    3. आख्या परिवर्तन टिप्पणी (Change of title note)
    4. उद्गृहीत टिप्पणी (Extract note)
    5. बहु–ग्रंथमाला टिप्पणी (Multiple Series note)
    6. ग्रंथमाला टिप्पणी (Series note)
4. **आख्या अनुच्छेद** (Title Section) : इस अनुच्छेद में क्रमशः (1) ग्रंथ की सम्पूर्ण आख्या, (ii) ग्रंथ का संस्करण, और (iii) सहकारक संबंधी सूचना अंकित रहती है। यह सूचना एक पैराग्राफ में तीन वाक्यों के रूप में दी जाती है।
5. **शीर्षक अनुच्छेद** (Heading Section) : सबसे महत्वपूर्ण अनुच्छेद होता है। इसमें सामान्यतः ग्रन्थ के लेखक का नाम अंकित रहता है। लेखक न होने पर नियमानुसार ग्रंथ के सहकारक (Collaborator) का नाम अथवा उसकी आख्या अंकित की जाती है।
6. **अग्र अनुच्छेद** (Leading Section) : इस अनुच्छेद में ग्रंथ का क्रमांक अंक (Call Number) अंकित करते हैं। इसी कारण इसको क्रमांक अंक अनुच्छेद भी कहा जाता है। इसको अग्र रेखा पर प्रथम शीर्ष से शुरू करते हुए लिखना चाहिये। ग्रंथ का क्रमांक अंक, मुखपृष्ठ के पीछे भाग पर अंकित होता है। वर्गांक (Class Number) और ग्रन्थांक (Book Number) के मध्य दो अक्षरों का स्थान छोड़ते हैं।

वर्ग निर्देशी प्रविष्टि का प्रत्येक पद बड़े अक्षर से शुरु होता है। ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टि और नामान्तर निर्देशी प्रविष्टि के प्रत्येक शीर्षक का प्रथम शब्द बड़े अक्षर से शुरू होता है। इसके अतिरिक्त व्याकरण के सामान्य नियमों का पालन करते हैं। विवरणात्मक पद को रेखांकित करते हैं, बड़े अक्षर से शुरु करते हैं और इससे पूर्व अर्द्ध विराम (Comma) लगाते हैं। यदि कोई शीर्षक एक रेखा में नहीं आता है तो नैरन्तर्य अगली रेखाओं में दो

नोट-

अक्षरों का स्थान छोड़ दिया जाता है। प्रत्येक शीर्षक के अन्त में पूर्ण विराम (Full stop) लगाते हैं।

प्रत्येक प्रकार की निर्देशी प्रविष्टियों के मध्य एक रेखा का खाली स्थान छोड़कर उनको समूहों के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है।

### मुखपृष्ठ

Memories, Dreams Reflections

by

C.G. Jung

Edited by

Aneille Jaffe

London

Oxford University Press

1963

| | |
|---|---|
| Call No. | S,N63 |
| Acc. No. | 17291 |
| H.T.P. | Classics in Psycology. Edited by Richard M. Phillips. No. 51. The book is divided in to following 3 Parts which are to be highlighted |
| Note: | Memories S: 43 P 1-62<br>Reflections S: 49 P 63-126<br>Dreams S: 811 P 127-197 |

नोट-

## मुख्य प्रविष्टि का नमूना

### मुख्य प्रविष्टि–पत्रक का अग्र भाग

1. अग्रानुच्छेद → S: N43
2. शीर्षक अनुच्छेद → JUNG (CG).
3. आख्या अनुच्छेद → Memories, dreams reflections. Ed by Aneille Jaffe.
4. टिप्पणी अनुच्छेद → (Classics in psychology. Ed by Richard M Phillips. 51).
5. परिग्रहण संख्या-अनुच्छेद → 17291

### मुख्य प्रविष्टि पत्रक का पश्च भाग

6. शीर्षक अनुच्छेद → संकेत (Tracing)

अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ →

S:43 P 1-62.
S:45 P 63-125.
S:811 P 127-197

वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ

Psychology.
Memory, Psychology.
Cognition, Psychology.
Conception, Psychology.
Relection, Psychology.
Self conciousness, Psychology.
Dream, Psychology.
Sleep, Psychology.
Metapsychology.

ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ →

Jung (C G).
Jaffe (Aneille), Ed
Classics in psychology.

निर्देशी प्रविष्टियाँ → Phillips (Richard M), Ed.

**टिप्पणी**— संकेत में अन्तर्विषयी प्रविष्टियों को वर्गीकृत क्रम में अंकित करते हैं। वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों में सर्व–प्रथम मुख्य प्रविष्टि से व्युत्पन्न प्रविष्टियों के शीर्षक अंकित करते हैं। उसके बाद अन्तर्विषयी प्रविष्टियों से व्युत्पन्न प्रविष्टियों के शीर्षक अंकित किये जाते हैं। मुख्य प्रविष्टि और संकेत में सब स्थानों पर क्रमांक अंक (Call Number) और वर्गांक पेन्सिल से लिखे जाते हैं।

नोट-

## इतर प्रविष्टियाँ Added Entries

मुख्य प्रविष्टि उपयोगकर्ताओं की मुख्य अभिगम की पूर्ति करती है। अन्य अभिगमों की संपूर्ति हेतु इतर प्रविष्टियों का निर्माण करते हैं। रंगनाथन के अनुसार, "मुख्य प्रविष्टि के अतिरिक्त अन्य प्रविष्टियाँ, इतर प्रविष्टियाँ कहलाती हैं। "सीसीसी" के अनुसार इतर प्रविष्टियों के निम्नलिखित प्रकार होते हैं–

1. नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ
2. निर्देशी प्रविष्टियाँ
3. अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ

## अन्तर्विषयी प्रविष्टियाँ Cross Reference Entres

सीसीसी के नियमांक MJ के अनुसार, अन्तर्विषयी प्रविष्टि में निम्नलिखित अनुच्छेद हैं–

1. द्वितीय अनुच्छेद (Second Section)
2. अग्र अनुच्छेद (Leading Section)
3. मूल प्रलेख विवरण अनुच्छेद (Locus Section)
   (i) ग्रन्थ का क्रमांक अंक
   (ii) ग्रन्थ की मुख्य प्रविष्टि का शीर्षक
   (iii) ग्रन्थ की आख्या, संस्करण सहित और प्राप्ति स्थल जैसे पृष्ठ, अध्याय भाग आदि।

### अन्तर्विषयी प्रविष्टियों के नमूने

**(1)**

| | | |
|---|---|---|
| | S: 43 | |
| | | See also<br>S N63<br>Jung.<br>Memories, dreams, reflections. Ed 3. P 1-62. |

**(2)**

| | | |
|---|---|---|
| | S: 45 | |
| | | See also<br>S N63<br>Jung.<br>Memories, dreams, reflections. Ed3. P 63-125. |

नोट-

(3)

| | | |
|---|---|---|
| | S: 811 | |
| | | See also<br>S N63<br>Jung.<br>Memories, dreams, reflections. Ed3. P 127-197. |

## निर्देशी प्रविष्टियाँ Index Entries

निर्देशी प्रविष्टियाँ निम्न दो प्रकार की होती है–

1. वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ (Class Index Entries)
2. ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ (Book Index Entris)

## वर्ग निर्देशी प्रविष्टियाँ Class Index Entries

मुख्य प्रविष्टि में ग्रन्थ का विशिष्ट विषय वर्गीकरण की कृत्रिम भाषा में अंकित रहता है। उपयोगकर्ता इसको समझने में असमर्थ रहते हैं। अत: उनके मार्गदर्शन के लिए प्राकृतिक भाषा में विषय प्रविष्टियां का निर्माण करते हैं। जिनको सीसीसी में वर्ग निर्देशी प्रविष्टियां का नाम दिया गया है। इनकी व्युत्पत्ति वर्गांक से होती है। इनकी व्युत्पत्ति के लिये रंगनाथन ने एक विधि का प्रतिपादन किया है। जिसको शृंखला प्रक्रिया (Chain Procedure) नाम दिया गया है'। इस सम्बन्ध में विस्तृत नियम सीसीसी के भाग K में दिये गये हैं।

## शृंखला प्रक्रिया (Chain Procedure)

रंगनाथन ने शृंखला प्रक्रिया को परिभाषित करते हुए लिखा है, 'शृंखला प्रक्रिया किसी भी वर्गांक से विषय शब्द प्रविष्टि व्युत्पन्न करने की लगभग एक यांत्रिक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में वर्गांक को एक शृंखला के रूप में विश्लेषित किया जाता है।

शृंखला प्रक्रिया में निम्न कड़ी होती हैं–

1. **छद्म कड़ी** (Pseudo Link)–ऐसी कड़ी को जो ग्रन्थांक (Book Number) के किसी भाग के अंक या अंक समूह द्वारा बनती है, उसे छद्म कड़ी कहते हैं।
2. **विलुप्त कड़ी** (Missing Link)–शृंखला में विलुप्त एकल से संबंधित रिक्तता (Gap) वाली कड़ी को विलुप्त कड़ी कहा जाता है।
3. **खोज कड़ी** (Sougth Link)–उस कड़ी को कहते हैं जो न मिथ्या हो न विलयिता (Fused) और न अखोज हो अर्थात् जिस कड़ी पर पाठकों द्वारा पाठ्य–सामग्री खोजने की सम्भावना बनी रहती है।
4. **अखोज कड़ी** (Unsoght Link)–ऐसी कड़ी जिसके अन्तर्गत पाठ्य–सामग्री उत्पादित होने अथवा पाठकों द्वारा खोजने की सम्भावना होती है।
5. **मिथ्या कड़ी** (False Link)–एक ऐसी कड़ी है जिसका कोई अर्थ नहीं होता है जिसकी समाप्ति अग्र प्रकार होती है–

नोट-

1. काल एकल जो वर्गांक में काल पक्ष में स्वयं में काल पक्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं और अन्य किसी मूलभूत श्रेणी का प्रतिनिधित्व नहीं करते अर्थात् वे स्थान (Space), ऊर्जा (Energy), पदार्थ (Matter) अथवा व्यक्तित्व (Personality) के रूप में नहीं आते।
2. अन्तः पंक्ति दशा सम्बन्ध (Intra array relation) का प्रतिनिधित्व करने वाले अंक, जैसे; ot ou ov ow oy।
3. अन्तः पक्ष दशा सम्बन्ध (Intra facet phase relation) का प्रतिनिधत्व करने वाल अंक, जैसे; oj ok om on or।
4. दशा सम्बन्ध (Phase relation) का प्रतिनिधित्व करने वाले अंक जैसे; oa ob oc od og।
5. योजक चिन्ह जैसे , ; : .

**प्रक्रिया**

मुख्य प्रविष्टि का वर्गांक : S

शृंखला (Chain)

S = Psychology (Sougth Link)

**टिप्पणी—** उपर्युक्त वर्गांक में केवल एक ही अंक है, अतः एक ही कड़ी बनेगी।

अन्तर्विषयी प्रविष्टियों के वर्गांक: S : 43
S : 45
S : 811

## शृंखलाएँ Chain

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | ↓ S | = | Psychology (Sougth Link) |
| | ↓ S : | = | (False Link) |
| | ↓ S : 4 | = | Cognition, Conception in psychology (Sougth Link) |
| | S : 43 | = | Memory in psychology (Sougth Link) |
| (2) | ↓ S | = | Psychology (Sougth Link) |
| | ↓ S : | = | (False Link) |
| | ↓ S : 4 | = | Congnition, Conceptionin psychology (Sougth Link) |
| | S : 45 | = | Reflection, Self Conciousness in psychology (Sougth Link) |
| (3) | ↓ S | = | Psychology (Sougth Link) |
| | ↓ S : | = | (False Link) |
| | ↓ S : 8 | = | (Metapsychology (Sougth Link0 |
| | ↓ S : 81 | = | Sleep in Metapsychology (Sougth Link) |
| | ↓ S : 811 | = | Dream in Metapsychology (Sougth Link) |

## वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों की संरचना

वर्ग निर्देशी प्रविष्टि एक विषय प्रविष्टि होती है जिसमें अनुच्छेद होते हैं।

नोट-

1. **तृतीय अनुच्छेद**—इसमें अग्रानुच्छेद में दिये गये शीर्षक को दर्शाने वाला निर्देशांक (Ondex number) अंकित किया जाता है। इसको द्वितीय अनुच्छेद समाप्त होने वाली पंक्ति में जितना संभव हो उतना दाहिनी ओर पेन्सिल से लिखा जाता है। द्वितीय अनुच्छेद और निर्देशांक के मध्य कम से कम चार अक्षरों का स्थान होता है। यदि पर्याप्त स्थान न हो तो अनुवर्ती पंक्ति पर यथासंभव दाहिनी ओर लिखा जाता है।
2. **द्वितीय अनुच्छेद**—इसमें नियमांक KF2 के अनुसार निम्नलिखित निर्देशांक शब्द अंकित करते हैं।

   For documents in this Class and its Subdivisions see the classified part of the catalogue under the Class Number.

   यह अनुच्छेद द्वितीय शीर्ष से आरम्भ होता है और अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम शीर्ष से आरम्भ होती हैं। अन्य निर्देशक शब्दों की भाँति यह निर्देशक शब्द रेखांकित नहीं किये जाते हैं एवं अन्त में पूर्ण विराम (Full stop) नहीं लगाया जाता है।
3. **अग्रानुच्छेद**—इसमें प्रत्येक मुख्य प्रविष्टि और अन्तर्विषयी प्रविष्टि के वर्गांकों से निर्मित शृंखलाओं की खोज (Sougth links) के अन्तिम अंक के प्रतिनिधित्व करने वाले शब्द को प्रथम पद बनाया जाता है। प्रत्येक खोज शीर्षक से एक वर्ग निर्देशी प्रविष्टि का निर्माण होता है। अतः वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों की संख्या खोज शीर्षक पर निर्भर करती हैं। यदि शीर्षक व्यष्टिकृत (Individualising) नहीं होता तो व्यष्टिकृत करने के लिए प्रसंग के उपसूत्र की सहायता से एक या अधिक ऊपरी खोज कड़ियों के अन्तिम शब्दों से उपशीर्षकों की व्युत्पत्ति की जाती है। प्रत्येक शीर्षक या उपशीर्षक के अलावा इसके जब तक प्रशंसात्मक विशेषण (Qualifying adjective) न हों, सामान्य प्रथमा विभक्ति (Nominative case) में एकाकी संज्ञा होती है।

## वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों के नमूने

| | | |
|---|---|---|
| | | MEMORY, PSYCHOLOGY, |
| | | For documents in this Class and its Subdivisions, see the Classified part of the catal under the Class Number<br>S:43 |

| | | |
|---|---|---|
| | | COGNITION, PSYCHOLOGY, |
| | | For documents ......................<br>Class Number<br>S:4 |

नोट-

| | | |
|---|---|---|
| | | PSYCHOLOGY, |
| | | For documents ......................<br>Class Number<br>S |

| | | |
|---|---|---|
| | | REFLECTION, PSYCHOLOGY, |
| | | For documents ......................<br>Class Number<br>S:45 |

| | | |
|---|---|---|
| | | DREAM, METAPSYCHOLOGY. |
| | | For documents ......................<br>Class Number<br>S:811 |

| | | |
|---|---|---|
| | | SLEEP, METAPSYCHOLOGY. |
| | | For documents ......................<br>Class Number<br>S:81 |

| | | |
|---|---|---|
| | | METAPSYCHOLOGY. |
| | | For documents ......................<br>Class Number<br>S:8 |



नोट-

टिप्पणी—

1. Psychology और Cognition के अन्तर्गत एक ही बार वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों का निर्माण किया गया है। यह तथ्य विशेष रूप में ज्ञात रहते हैं, क्योंकि ग्रन्थालय में सूची में ऐसा ही करना चाहिए।
2. निर्देशक शब्द को केवल प्रथम प्रविष्टि में पूर्ण रूप से अंकित किया गया है। शेष में केवल प्रथम दो शब्द और अंतिम दो शब्द अंकित किये जाते हैं। यह समय बचाने के लिये किया जाता है। वैसे ग्रन्थालय में प्रत्येक प्रविष्टि में इनको पूर्ण रूप से अंकित करते हैं।
3. पत्रकों का आकार स्थान बनाने को छोटा कर दिया जाता है। वस्तुतः प्रत्येक पत्रक समान आकार का 12.5 सेमी. और 7.5 से मी. होता है।

## ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टियाँ Book Index Entries

आनुवर्गिक सूची की विशिष्ट सहायक शब्द प्रविष्टि को गन्थ निर्देशी प्रविष्टि कहते हैं। यह मुख्यतः निम्नलिखित चार प्रकार की होती हैं और तद्नुसार उपयोगकर्ताओं की अभिगमों की सम्पूर्ति करती है—

1. ग्रन्थमाला निर्देशी प्रविष्टि
2. आख्या निर्देशी प्रविष्टि
3. सहकारक/सह–सहकारक निर्देशी प्रविष्टि
4. लेखक/सहलेखक निर्देशी प्रविष्टि

## ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टि की संरचना

सीसीसी के नियमांक MKO के अनुसार एक ग्रन्थ निर्देशी प्रविष्टि में निम्नलिखित अनुच्छेद होते हैं—

1. **टिप्पणी अनुच्छेद**—यदा–कदा आवश्यकता पड़ती है।
2. **निर्देशांक** (Index number)—द्वितीय अनुच्छेद की समाप्ति पर कम–से–कम चार अक्षरों का स्थान छोड़कर उसी पंक्ति पर यथासम्भव दाहिनी ओर पेन्सिल से लिखा जाता है। समुचित स्थान न होने पर अनुवर्ती पंक्ति में यथासम्भव दाहिनी ओर अंकित किया जाता है।
3. **द्वितीय अनुच्छेद**—द्वितीय शीर्ष से आरम्भ होता है। ग्रन्थमाला प्रविष्टि में शीर्ष से आरम्भ होता है।
4. **अग्रानुच्छेद**—अग्ररेखा पर प्रथम शीर्ष से आरम्भ होता है। अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम शीर्ष से आरम्भ होती हैं।

### लेखक निर्देशी प्रविष्टि Author Index Entry

| | | |
|---|---|---|
| | | JUNG (CG). |
| | | Memories, dreams reflection. Ed 3.<br>S N63 |

नोट-

## सहकारक निर्देशी प्रविष्टि Collaborator Index Entry

| | | |
|---|---|---|
| | JAFFE (Aneille), Ed. | |
| | | Jung: Memories, dreams, reflections. Ed 3. |
| | | S N63 |

## आख्या निर्देशी प्रविष्टि Title Index Entry

| | | |
|---|---|---|
| | MEMORIES, DREAMS, reflections Ed 3. | |
| | | By Jung. S N63 |

**टिप्पणी–**

1. सीसीसी के नियमों के अनुसार, आख्या प्रविष्टि निर्मित करने का प्रावधान अपवाद स्वरूप है। वस्तुतः इस ग्रन्थ की आख्या प्रविष्टि निर्मित नहीं होगी। यहाँ उसको नमूने के तौर पर समझाने के लिये बनाया गया है।
2. यह स्मरण रखा जाता है कि ग्रंथ की आख्या का शीर्षक के रूप में प्रयुक्त पर प्रथम दो शब्द बड़े अक्षरों में लिखने चाहिये।

## ग्रन्थमाला निर्देशी प्रविष्टि Series Index Entry

| | | |
|---|---|---|
| | CLASSICS IN PSYCHOLOGY. | |
| | 51 | Jung: Memories, dreams, eflections. Ed 3. S N63 |

## नामान्तर निर्देशी प्रविष्टियाँ Cross Reference Index Entries

सीसीसी के अनुसार, नामान्तर निर्देशी प्रविष्टि एक सामान्य सहायक प्रविष्टि है जो एक शब्द या शब्द समूह से अन्य पर्यायवाची शब्द समूह की ओर निर्दिष्ट करती है। नियमांक LA'3 के अनुसार यह निम्नांकित पाँच प्रकार की होती है–

1. **सजातीय नाम प्रविष्टि** (Generic Name Entry)–सामान्यः नामान्तर निर्देशी प्रविष्टि उन शीर्षकों के अन्तर्गत निर्मित होती है जो उक्त ग्रन्थ की वर्ग निर्देशी प्रविष्टियों और ग्रंथ निर्देशी प्रविष्टियों में समाविष्ट नहीं हो सकता है और उपयोगकर्ताओं द्वारा उनके अन्तर्गत पाठ्यसामग्री खोजने की सम्भावना बनी रहती है। वस्तुतः इनकी निष्पत्ति ग्रंथ

नोट:

निर्देशी प्रविष्टियों से मानी जाती है। इसी कारण इनको द्वितीय क्रम में व्युत्पन्नता की प्रविष्टियाँ (Entries of second order of derivation) कहते हैं।

2. ग्रन्थमाला–सम्पादक नाम प्रविष्टि (Editor of Series Entry)
3. छद्म नाम वास्तविक नाम प्रविष्टि (Pseudonym Real Name Entry)
4. शब्द परिवर्ती रूप प्रविष्टि (Variant-Form of Word Entry)
5. वैकल्पिक नाम प्रविष्टि (Alternative Name Entry)

## नामान्तर निर्देशी प्रविष्टि की संरचना

सीसीसी नियमांक LA1 के अनुसार इस प्रविष्टि में निम्नलिखित तीन अनुच्छेद होते हैं–

1. **निर्देशित शीर्षक अनुच्छेद**–यह अनुच्छेद अनुवर्ती रेखा पर द्वितीय शीर्ष से आरम्भ होता है और अनुवर्ती पंक्ति प्रथम शीर्ष से आरम्भ होती है। इस अनुच्छेद में निर्देशित शीर्षक अंकित किया जाता है।
